राज्य का पहला ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में अग्रणी रियल एस्टेट कंपनी, समय कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड ने झारखंड के आदित्यपुर में राज्य की पहली ग्रीनफील्ड परियोजना, सनराइज पॉइंट के लॉन्च करने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- यह परियोजना आदित्यपुर के हरिओम नगर में स्थित है। यह एक अनुकरणीय आवासीय कॉलोनी है, जो एक एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। इस परियोजनाओं को पूर्ण होने में 5 वर्ष का समय लगेगा।
- इस परियोजना की प्राथमिकताओं में निवासियों के आराम के साथ-साथ उनकी जीवन-शैली की गुणवत्ता में उत्कृष्टता के नए मानकों को डिज़ाइन किया गया है।
- इसमें विस्तृत खुले स्थानों को शामिल करने और मौजूदा पेड़ों को शामिल करने तथा नए पौधे लगाने का ध्यान रखा जाएगा, जिससे जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि, पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने में मदद, वर्षा संचयन गड्डे जल उपचार संयंत्र और उपचारित पानी के पुनर्चक्रण में मदद मिलेगी।
- इस परियोजना में 600 बहुमंजिला फ्लैट शामिल हैं, जो दो चरणों में पूरे होंगे। पहले चरण में 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैटों के साथ-साथ ईडब्ल्यूएस फ्लैटों वाले 408 फ्लैटों का निर्माण किया जा रहा है।
- परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह बिष्टुपुर के बहुत करीब है तथा यहाँ से पीएम मॉल, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, स्कूल कार्यालय सभी नज़दीक स्थित हैं।
- इसमें एम्फीथिएटर, गार्डन, पोडियम गार्डन, क्लब हाउस, जिम, मेडिटेशन हॉल, बैडमिंटन कोर्ट, शॉपिंग, सीसीटीवी, एलपीजी, जुस्को पावर जैसी सभी आधुनिक सुविधाएँ होंगी। बागवानी, कार धोने, शौचालय फ्लशिंग और अन्य के लिये फिल्टरिंग हेतु एसटीपी पानी का उपयोग करने की भी योजना है। यहाँ की सभी कॉमन लाइटें सोलर लाइट होंगी।
- परियोजना के प्रस्तावकों द्वारा परियोजना स्थल से सटी सड़क के किनारे हरित पट्टी का निर्माण किया जाएगा, जिसका परिवेश पर समग्र शीतलन प्रभाव पड़ेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-first-greenfield-project